# कार्यालय वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, वन एवं वन्यजीव, बरेली वृत्त, बरेली।

**पत्र संख्याः– 2155 / 14–1, बरेली, दिनांक, 11 / दिसम्बर / 2017.**

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/
नोडल अधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषय – बदायूँ में पीलीभीत–बरेली–भरतपुर मार्ग (राज्य मार्ग संख्या–33) के चैनेज कि0मी0 102.115 से 113.00 (चैनेज किमी0 102.115 है0 से 114.20 तक) 04 लेन विद पेब्ड शोल्डर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 13.29 है0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थापित 2604 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपकी पत्र संख्या– 1456/बदायूँ/23699/2017 दिनॉक 28.11.2017

महोदय,

निवेदन है कि उपरोक्त संदर्भित पत्र के अनुपालन में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूँ ने अपनी पत्र संख्या– 1603/14–1 दिनॉक 06.12.2017 से बिन्दुवार आख्या अभिलेखों सहित इस कार्यालय को उपलब्ध करायी है। प्रभाग स्तर से प्राप्त आख्या संलग्नकों सहित 03 प्रतियों में निम्नानुसार संस्तुति सहित प्रेषित की जा रही है:–

| क्र0 सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार किसी भी अभिलेख पर प्रस्तावक के हस्ताक्षर के साथ नाम, तिथि एवं सील अंकित नहीं है। अंकित करें। | भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार किसी भी अभिलेख पर प्रस्तावक के हस्ताक्षर के साथ नाम, तिथि एवं सील अंकित कर दी गयी है। |
| 2 | बिन्दु सं0–9 के क्रम में एन0पी0वी0 की संशोधित गणना को आनलाइन पार्ट–2 में अपलोड नहीं किया गया है। | बिन्दु सं0–9 के क्रम में एन0पी0वी0 की संशोधित गणना को आनलाइन पार्ट–2 में अपलोड कर दिया गया है। |
| 3 | भाग–5 को आन लाइन पार्ट में अपलोड नहीं किया गया है। | भाग–5 (प्रति संलग्न) को आनलाइन पार्ट में अपलोड नहीं किया गया है। |
| 4 | आनलाइन पार्ट–2 में अन्य समस्त अभिलेख यथा संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट, प्रभागीय निदेशक की स्थल निरीक्षण रिपोर्ट, एन0पी0वी0 की संशोधित गणना, एन0पी0वी0 की धनराशि उपलब्ध कराने की वचनवद्व, मक डिस्पोजल योजना, क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल की उपयुक्तता आदि अभिलेख अपलोड नहीं किया गया है। अपलोड कर आनलाईन पार्ट–2 की प्रभागीय निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करने का कष्ट करें। | आनलाइन पार्ट–2 में अन्य समस्त अभिलेख यथा संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट, प्रभागीय निदेशक की स्थल निरीक्षण रिपोर्ट, एन0पी0वी0 की संशोधित गणना, एन0पी0वी0 की धनराशि उपलब्ध कराने की वचनवद्व, मक डिस्पोजल योजना, क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल की उपयुक्तता आदि अभिलेख अपलोड कर दिया गया है। आनलाईन पार्ट–2 की प्रभागीय निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न की जा रही है। |

संलग्नकः– प्रस्ताव 03 प्रति में।

भवदीय,

(वी0के0 सिंह)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
वन एवं वन्यजीव, बरेली वृत्त, बरेली।

पत्र संख्याः– 2155 (1)/14–1, दिनॉकित।

1– प्रतिलिपि प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, बदायूँ को उनकी पत्र संख्या– 1603/14–1 दिनॉक 06.12.2017 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2– प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(वी0के0 सिंह)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
वन एवं वन्यजीव, बरेली वृत्त, बरेली।